राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल से कृषि मंत्री श्री कटारिया एवं सहकारिता मंत्री श्री आंजना ने की मुलाकात

जयपुर, 4 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से सोमवार को यहां राजभवन में राज्य के कृषि मंत्री श्री लालचंद कटारिया और सहकारिता मंत्री श्री उदयलाल आंजना ने मुलाकात की। इन दोनों की राज्यपाल से यह शिष्टाचार भेंट थी।

राज्यपाल ने कृषि एवं पशुपालन मंत्री श्री लालचंद कटारिया से राजस्थान में बर्ड फ्लू के बारे में भी जानकारी ली और इस संबंध में प्रभावी कार्यवाही किए जाने और एक्शन प्लान बनाए जाने पर जोर दिया। श्री कटारिया ने बताया कि इस संबंध में राज्य सरकार स्तर पर समुचित कार्यवाही प्रारंभ कर दी गयी है। उन्होंने राज्यपाल को प्रदेश में कृषि एवं पशुपालन विकास के संबंध में किए जा रहे कार्यों के बारे में भी जानकारी दी। सहकारिता मंत्री श्री उदयलाल आंजना ने भी राज्यपाल को सहकारिता विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया।

———